
# एकदिवसीय कृषि उद्यमिता आधारित किसान गोष्ठी एवं प्रशिक्षण का कॉलेज में हुआ आयोजन|



Page No.
Date 03/12/24

आवश्यक सूचना

बी.एस-सी. (कृषि) सप्तम सेमेस्टर (शोध) के विद्यार्थियों को सूचित है कि कल दिनांक 04.12.24 समय दोपहर 12.00 बजे कालेज के सेमिनार हॉल में शोध गोष्ठी एवं प्रशिक्षण आहूत किया गया है जिसमें सभी शोध विद्यार्थियों को आवंटित कृषक को साथ लेकर आना है। गोष्ठी में जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं बी.डी.ओ. श्री रवीन्द्र शशि व जिला उद्यान अधिकारी कृषि तकनीकी, बागवानी, सरकारी योजनाओं एवं उद्यमिता पर विद्यार्थियों व किसानों को प्रशिक्षित करेंगे।

अतः सभी शोध विद्यार्थी अपने साथ किसान लेकर आवश्यक रूप से निर्धारित समय पर कालेज में उपस्थित हों।

प्राचार्य
प्राचार्य
जनता कालेज
बकेवर (इटावा)

समोजक
IQAC

3/12/24
प्रभारी
किसान गोष्ठी एवं प्रशिक्षण
जनता कालेज, बकेवर
इटावा







# एकदिवसीय कृषि उद्यमिता आधारित गोष्ठी का हुआ आयोजन

लोक भारती न्यूज ब्यूरो

बकेवर,इटावा। जनता कॉलेज बकेवर के प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी के निर्देशानुसार कॉलेज में एक दिवसीय कृषि उद्यमिता आधारित किसान गोष्ठी एवं प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी चकरनगर रविंद्र कुमार शशि ने समाज कल्याण व सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में पधारे कृषि विभाग के विषय विशेषज्ञ श्री हर्ष कुमार ने कृषि संबंधी विभिन्न योजनाओं की जानकारी । उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री के अंतर्गत उन्होंने बताया कि किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ लेने के लिए कृषि विभाग द्वारा आयोजित कैंप में अपना आधार एवं खतौनी लेकर जाना होगा वहां सरकारी कर्मचारी लेखपाल, प्राविधिक सहायक वेरीफिकेशन करने के उपरांत संबंधित फाइल को फॉरवर्ड करेंगे तभी किसान को किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिल पाएगा। कार्यक्रम में रावे संयोजक डॉक्टर पीके राजपूत,फसल सुरक्षा के विशेषज्ञ डॉ मनोज कुमार यादव, कृषि प्रसार के प्राध्यापक डॉ अभिषेक प्रताप सिंह एवं शस्य विज्ञान के प्राध्यापक सत्यम गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रगतिशील किसान मनोज कुमार, देवेंद्र कुमार दोहरे,त्रिवेंद्र कुमार व समूह की महिलाओं में पदमा कुशवाहा ,रीना ,पिंकी देवी ,नीरज कुमारी , रमा कांति,जूली ,शकुंतला ,ज्योति कुमारी विमला, साधना व किरन के साथ-साथ कृषि संकाय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंत में डॉ पीके राजपूत ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

बरसीम बोई गया है। मुख्य विकास जाए। इण्टरलॉकिंग: ग्राम को आर.आर.सी. तक ले जाने में

# जनता कॉलेज के छात्र व छात्राओं ने मधुसूदन मिल्क चिलिंग प्लांट का किया भ्रमण

**चेतना कार्यालय**

**बकेवर।** जनता कॉलेज बकेवर के बी.एस-सी. (कृषि) सातवे सेमेस्टर रावे के छात्र – छात्राओं ने कस्बे के भरथनारोड पर स्थित मधुसूदन मिल्क चिलिंग प्लांट का भ्रमण किया। छात्रों ने चिलिंग प्लांट पर दूध को ठंडा करने की तकनीक के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। चिलिंग प्लांट का भ्रमण कराने पहुंचे पशुपालन एवंदुग्ध विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आदित्य कुमार द्वारा जानकारीदेते हुये बताया कि इस प्लांट पर प्रतिदिनलगभग 45000 लीटर दूध का कलेक्शन होता है जिसको 2 से 3 डिग्री सेंटीग्रेड ताप पर ठंडा करके इंसुलेटेड टैंकर में भरकर खुर्जा(बुलंदशहर) में स्थित बड़े डेरी प्लांट पर प्रोसेसिंग के लिए भेज दिया जाता है। इस प्लांटपर दूध विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से एकत्र करके लाया जाता है इसके बाद दूध की



केन को प्लांट के प्लेटफार्म परउतार कर दूध से संबंधित विभिन्न प्रकार के परीक्षण जैसे ज्ञानेंद्रिय परीक्षण, यूरिया परीक्षण, बसा परीक्षणआदि किए जाते हैं। परीक्षण करने के उपरांत यदि दूध सही पाया जाता है तो इस दूध को चिलिंग प्लांट में ठंडाहोने के लिए भेज दिया जाता है। दूध से जुड़े व्यापारियों को दूध का भुगतान दूध में उपस्थित बसा और एस.एन.एफ. के आधार पर किया जाता है। दूध की केन को खाली करने के बाद साफ करके वापस भेज दियाजाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक नया मिल्क चिलिंग प्लांट लगाने में जमीन के अलावा मशीनों परलगभग डेढ़ करोड़ रुपए की लागत आती है। छात्रों को मधुसूदन चिलिंग प्लांट का भ्रमण कराने वाले कॉलेज के तीन प्रोफेसर डॉ. पी. के. राजपूत संयोजक रावे, डॉ. आदित्य कुमार विभागाध्यक्ष पशुपालन एवं दुग्धविज्ञान विभाग एवं कृषि प्रसार के विभागाध्यक्ष डॉ. अभिषेक प्रताप सिंह प्रमुख रूप से है इसके अलावा मिल्क चिलिंग प्लांट के अधिकारी गौरव मिश्रा, संजीव कुमार एवं नवनीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

# जनता कॉलेज में आयोजित की गई एक दिवसीय कृषि उद्यमिता आधारित गोष्ठी

**चेतना कार्यालय**

**बकेवर।** जनता कॉलेज बकेवर के प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी के निदेर्शानुसार कॉलेज में एक दिवसीय कृषि उद्यमिता आधारित किसान गोष्ठी एवं प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी चकरनगर रविंद्र कुमार शशि ने समाज कल्याण व सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सरकार की विभिन्न प्रकार की योजनाएं चल रही है लेकिन उनकी सम्पूर्ण जानकारी न होने के कारण समाज का अंतिम व्यक्ति उसका लाभ नहीं ले पता है उन्होंने समाज कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं जैसे वृद्धा पेंशन योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना , छात्रवृत्ति योजना ,ट्रांसजेंडर गरिमाग्रह योजना, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय एवं अनुसूचित जाति जनजाति उत्पीड़न निवारण आदि योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में पधारे कृषि विभाग के विषय विशेषज्ञ श्री हर्ष कुमार ने कृषि संबंधी विभिन्न योजनाओं जैसे किसान सम्मान निधि योजना, फार्मर रजिस्ट्री, कृषि यंत्रीकरण योजना व एफपीओ के बारे में विस्तृत जानकारी दी। फार्मर रजिस्ट्री के अंतर्गत उन्होंने बताया कि



किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ लेने के लिए कृषि विभाग द्वारा आयोजित कैंप में अपना आधार एवं खतौनी लेकर जाना होगा वहां स-रकारी कर्मचारी लेखपाल, प्राविधिक सहायक वेरीफिकेशन करने के उपरांत संबंधित फाइल को फॉरवर्ड करेंगे तभी किसान को किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिल पाएगा। समूह से आई हुई महिलाओं के लिए एफ पी ओ की जानकारी देते हुए विषय विशेषज्ञ हर्ष कुमार ने कहा कि समूह की महिलाएं अपने द्वारा बनाए गए किसी भी उत्पाद का पंजीकरण पहले कृषि विभाग इटावा में कराएं। उत्पाद का पंजीकरण होने के बाद संबंधित कंपनी विभाग की सूचना के उपरांत उनके उत्पाद को क्रय करने के लिए उन्हीं के पास जाएगी और उनके द्वारा निर्मित सभी उत्पादों को क्रय कर लेगी जिससे समूह को एक विशेष लाभ होगा और उनकी आय भी बढ़ेगी। बुआई के समय यूरिया खाद का इस्तेमाल न कर जैविक खाद ,डीएपी या एनपीके का प्रयोग करें। यूरिया का इस्तेमाल पहली सिंचाई के बाद खेत ओट आने पर व बाली निकलने पर करें। पहली सिंचाई 21 से 25 दिन पर करने के बाद शेष सिंचाई 15 दिन के अंतराल पर करें व देर से बोई जाने वाली प्रजातियां जैसे पी बी डब्लू 373, मालवीय 234 या गोल्डन हलना बोएं। सभी कृषि कार्य और अपने जीवन के कार्य भी समय से करें, तो अच्छा परिणाम मिलेगा। कार्यक्रम में रावे संयोजक डॉक्टर पीके राजपूत,फसल सुरक्षा के विशेषज्ञ डॉ मनोज कुमार यादव, कृषि प्रसार के प्राध्यापक डॉ अभिषेक प्रताप सिंह एवं शस्य विज्ञान के प्राध्यापक सत्यम गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रगतिशील किसान मनोज कुमार, देवेंद्र कुमार दोहरे,त्रिवेंद्र कुमार व समूह की महिलाओं में पदमा कुशवाहा ,रीना ,पिंकी देवी ,नीरज कुमारी , रमाकांति,जूली ,शकुंत ला आदि रहे।